# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।

मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601

e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com

पत्रांक 3116 / JJM / 122 दिनाँक– 28-07-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– बदायूँ।

विषय– दिनाँक– 26.07.2026 को दैनिक भास्कर समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 26.07.2026 को दैनिक भास्कर मे प्रकाशित समाचार **"सैजनी गांव में जल ज मिशन का कार्य अधूरा: ग्रामीण 6 महीने से पानी के इंतजार में, नल लगे पर जल नहीं"** के सम्बन्ध में योजनावार वि निम्नानुसार है:–

**विकास खण्ड– दातागंज की सैजनी ग्रामीण पेयजल योजना:–** सैजनी पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक बाउन्ड्री बाल, पम्प हाउस और पाईप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा दिया गया है पेयजल योजना की भौतिक प्रगति 76 प्रतिशत है। उक्त ग्राम में अवर जलाशय एवं गृह संयोजन के कार्य धन अभाव के क बाधित रहे, परन्तु वर्तमान में भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं की धनराशि उपलब्ध कराना प्रारम्भ करा दिया गया है। एक माह के भीतर ग्राम में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जाएगी एवं दस दिन के भीतर योज अवर जलाशय पर लेवर लगाकर कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि भारत सरकार पेयजल योजना की समयसीमा बढ़ाकर मार्च, 2028 की गई है, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म को निर्देशित पेयजल योजना के अवशेष कार्यों को समयसीमा के भीतर ही पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को अवर जलाशय के माध्य नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(अमित कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।**


**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
7– मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेस (TPI Agency) बदायूँ।

अधिशासी अभियन्ता

# सहजनी गांव में जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा: ग्रामीण 6 महीने से पानी के इंतजार में, नल लगे पर जल नहीं

कुंवरपाल | सैजनी(दातागंज), बदायूं
2 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

देश
विदेश
रा...
टेक - ऑटो
फेक न्यू...
ओ...
मधु...
मैग...
यूटि...
लाइफ -...
मध्य प्रदेश
उत्त...
राज...
बिहार
यूपी खास

Download App from

बदायूं में दातागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहजनी में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। वर्षों पहले शुरू हुआ यह निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं।

गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए नालियां और रास्ते खोद दिए गए थे। कई घरों में नल भी लगवा दिए गए, लेकिन पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। पानी न आने के कारण कई टोंटियां जंग खा चुकी हैं या उखड़ गई हैं। टंकी का निर्माण कार्य भी जमीनी स्तर पर अधूरा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 6 महीने से काम पूरी तरह रुका हुआ है। अब कोई भी कर्मचारी या अधिकारी काम देखने भी नहीं आता है। पूरे प्रदेश में जहां हर घर नल से जल पहुंचने का दावा किया जा रहा है, वहीं सहजनी के ग्रामीण आज भी पानी के इंतजार में हैं।

ग्रामीणों में जोरावर, वीरभान सिंह, मोरपाल, महेश पाल, रिंकू, फिरोज खान और सुनील कुमार जैसे लोगों ने बताया कि लगभग दो साल पहले शुरू हुआ यह कार्य विफल साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

सहजनी के ग्रामीणों ने दैनिक भास्कर से गुजारिश की है कि उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाया जाए। उनका सवाल है कि 'हर घर जल, हर घर नल' का सपना सहजनी के लिए कब पूरा होगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

आज का राशिफ

मेष | Aries

पॉजिटिव- पिछले समय से चल रही समस्या का समा मिलने से राहत मि इस दौरान मनचा अवसर भी मिल र हैं। कुछ समय धा या आध्यात्मिक